भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1555**

उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2026
20 माघ, 1947 (शक)

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, 2026

**1555. श्री तेजस्वी सूर्या:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (बीबीवाईएलडी), 2026 में भाग लेने वाले युवाओं की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) वीबीवाईएलडी 2026 के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक और विषयों के ब्यौरे सहित प्रत्येक ट्रैक और विषय के अंतर्गत प्रतिभागियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) पूर्वोत्तर राज्यों, जम्मू और कश्मीर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र से राज्यवार प्रतिभागियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने भाग लेने वाले युवाओं में सामाजिक सामंजस्य, सांस्कृतिक समझ और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में वीबीवाईएलडी 2026 के प्रभाव का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वीबीवाईएलडी 2025 की तुलना में वीबीवाईएलडी 2026 को पैमाने, समावेशिता, विषय-वस्तु और परिणामों के संदर्भ में सुधारने और विस्तार करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) राष्ट्रीय युवा महोत्सव (एनवाईएफ): विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) 2026 के अंतर्गत पाँच विभिन्न ट्रैकों में पूरे भारत के युवाओं ने भाग लिया। विकसित भारत चैलेंज ट्रैक का प्रथम चरण, विकसित भारत क्विज़, माय भारत और मायजीओवी प्लेटफॉर्म पर आयोजित किया गया, जिसमें सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से 50 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इसके पश्चात् 39,463 युवाओं ने माय भारत पोर्टल के माध्यम से निबंध प्रस्तुत किए। इनमें से 3,370

युवाओं ने राज्य स्तर पर पीपीटी चैलेंज में भाग लिया और चयनित युवाओं को 9 से 12 जनवरी, 2026 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) 2026 में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ।

(ख) एनवाईएफ: वीबीवाईएलडी 2026 को नेतृत्व विकास, नवाचार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा सहभागिता पर केंद्रित विभिन्न ट्रैकों में संरचित किया गया था। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एनवाईएफ: वीबीवाईएलडी 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख ट्रैक और प्रत्येक ट्रैक में प्रतिभागियों की संख्या निम्नलिखित है:

| **ट्रैक का नाम** | **प्रतिभागियों की संख्या** |
|---|---|
| विकसित भारत चैलेंज ट्रैक | 1164 |
| सांस्कृतिक और नवाचार ट्रैक | 970 |
| भारत के लिए डिज़ाइन ट्रैक | 38 |
| सोशल कॉज ट्रैक के लिए हैक | 57 |
| प्रवासी युवा | 78 |
| कुल | 2307 |

विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के अंतर्गत कुल 10 थीम निर्धारित की गई थी। एनवाईएफ 2026 : वीबीवाईएलडी के राष्ट्रीय स्तर पर थीमवार भागीदारी का विवरण निम्नलिखित है:

| **थीम** | **प्रतिभागियों की संख्या** |
|---|---|
| आत्मनिर्भर भारत: मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड | 114 |
| भारत की सॉफ्ट पावर: विकसित भारत के लिए सांस्कृतिक कूटनीति और वैश्विक प्रभाव | 120 |
| विकसित भारत के लिए भविष्य-उन्मुख कार्यबल का निर्माण | 120 |
| सतत और हरित विकसित भारत का निर्माण | 110 |
| स्मार्ट और सतत कृषि के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि | 114 |
| फिट भारत हिट भारत | 100 |
| परंपरा के साथ नवाचार: आधुनिक भारत का निर्माण | 117 |
| भारत को विश्व की स्टार्ट-अप राजधानी बनाना | 108 |
| महिला-नेतृत्व विकास: विकसित भारत की कुंजी | 124 |
| विकसित भारत के लिए लोकतंत्र और सरकार में युवा | 137 |
| **कुल** | **1164** |

(ग) एनवाईएफ 2026: वीबीवाईएलडी के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में उत्तर-पूर्वी राज्यों, जम्मू और कश्मीर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लद्दाख से प्रतिभागियों का विवरण निम्नलिखित हैं:

| **क्षेत्र** | **राज्य / संघ राज्य क्षेत्र** | **प्रतिभागियों की कुल संख्या** |
|---|---|---|
| पूर्वोत्तर राज्य | अरुणाचल प्रदेश | 44 |
| | असम | 66 |
| | मणिपुर | 45 |
| | मेघालय | 51 |
| | मिजोरम | 33 |
| | नागालैण्ड | 34 |
| | सिक्किम | 54 |
| | त्रिपुरा | 64 |
| जम्मू और कश्मीर | जम्मू और कश्मीर | 54 |
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 48 |
| लद्दाख | लद्दाख | 32 |

(घ) विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) 2026 अपने समावेशी और सहभागितापूर्ण स्वरूप के माध्यम से प्रतिभागी युवाओं में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक समझ और राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करता है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों, सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमियों और विषयों से युवाओं को एक साथ लाता है, जिससे सार्थक संवाद और सहयोग संभव होता है। संरचित विषयगत विचार-विमर्श, समूह आधारित गतिविधियाँ और नवाचार ट्रैक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर सामूहिक समस्या-समाधान को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे साझा उद्देश्य की भावना विकसित होती है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विविध दृष्टिकोणों का अनुभव आपसी सम्मान और समझ को सुदृढ़ करता है, जबकि राष्ट्रीय नेताओं और विशेषज्ञों के साथ संयुक्त सहभागिता एक साझा राष्ट्रीय दृष्टि को मजबूत करती है। सामूहिक रूप से, ये तत्व विविधता में एकता का निर्माण करते हैं और प्रतिभागी युवाओं में राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। तथापि, वीबीवाईएलडी 2026 के प्रभाव का कोई आकलन नहीं किया गया है।

(ङ) वीबीवाईएलडी 2025 की तुलना में सरकार ने वीबीवाईएलडी 2026 को स्तर, समावेशिता, सामग्री और परिणामों के संदर्भ में उल्लेखनीय रूप से विस्तारित और पुनःसंरचित किया है। जहाँ वीबीवाईएलडी 2025 मुख्यतः राष्ट्रीय स्तर की युवा चुनौतियों और सांस्कृतिक सहभागिता पर केंद्रित था तथा जिला–राज्य–राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक ढाँचे के माध्यम से आयोजित किया गया था, वहीं वीबीवाईएलडी 2026 ने इस संरचना को बनाए रखते हुए अपने दायरे को तीन नए ट्रैकों के समावेश से विस्तारित किया है। सामग्री ढाँचा वर्ष 2025 में मुख्यतः चुनौती और संस्कृति-केंद्रित था, जबकि वर्ष 2026 में इसे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप समर्पित डिज़ाइन और प्रौद्योगिकी

नवाचार ट्रैक जोड़कर समाधान-उन्मुख और भविष्य हेतु तैयार मंच में परिवर्तित किया गया। विकसित भारत क्विज़, जो विकसित भारत चैलेंज ट्रैक का प्रथम चरण था, माय भारत और एमवाई जीओवी प्लेटफॉर्म पर आयोजित किया गया, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 50 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

इस विस्तारित ढाँचे के अंतर्गत डिज़ाइन फॉर भारत ट्रैक, हैक फॉर ए सोशल कॉज़ और डायस्पोरा यूथ पार्टिसिपेशन को पहली बार वीबीवाईएलडी 2026 में सम्मिलित किया गया।

डिज़ाइन फॉर भारत ट्रैक ने युवाओं को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के डिज़ाइन संस्थानों की बहु-स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से डिज़ाइन-आधारित नवाचारी समाधानों को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करने का अवसर प्रदान किया। हैक फॉर ए सोशल कॉज़ ट्रैक ने युवाओं को परामर्श, प्रोटोटाइपिंग, पायलट फंडिंग और इनक्यूबेशन की संरचित व्यवस्था के माध्यम से महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौतियों के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित और क्रियान्वयन योग्य समाधान विकसित करने में संलग्न किया।

इसके साथ ही, डायस्पोरा यूथ ट्रैक को भारतीय प्रवासी युवाओं की व्यवस्थित भागीदारी सुनिश्चित करने और उनके वैश्विक अनुभव, नवाचार तथा श्रेष्ठ प्रथाओं का उपयोग विकसित भारत@2047 के अंतर्गत राष्ट्र-निर्माण के लिए सम्मिलित किया गया।

*****